२— कस्ट्यूम ड्रॉइंग, द्वारा हैजल आर० डोटेन एवं कन्सटैन्ट बाउलार्ड, प्रकाशन पिटमैन पब्लिकेशन कार्पोरेशन।

संरचना

८.१ यूनिट प्रस्तावना

८.२ उद्देश्य

८.३ पोस्चर्स

८.४ सारॉश

८.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

८.६ स्वाध्ययन हेतु

८.१ यूनिट प्रस्तावना

फैशन फिगर स्केचेस बनाने से आपकी प्रेजेन्टेशन बनाने की क्षमता बढ़ेगी। इस यूनिट में विभिन्न प्रकार के पोस्चर की फिगर दर्शाई गई हैं।

८.२ उद्देश्यः-

जब फैशन प्रेजेन्टेशन बनाया जाता है तब डिजाइनर को एक फिगर ड्रेसेस को विभिन्न कोणों से दिखाना होता है जिससे यह पता चल जाता है कि सभी कोणों से ड्रेस कैसी लगेगी।

८.३ पोस्चर्सः-

पोस्चर का मतलब यहाँ मनुष्य के शरीर की पोजीशन से होता है। यह वही पोस्चर हो सकता है जो अलग अलग कोणों से देखा जा सकता है।

खड़े होना एक सामान्य पोस्चर है, लेकिन यदि आप आगे देखें तो अनेक खड़े होने के पोस्चर हो सकते हैं। प्रत्येक का एक विभिन्न गेइट होता है और इस प्रकार एक विभिन्न पोस्चर देगा। इसी प्रकार जब एक व्यक्ति खड़ा होता है या सोता है तो एक विभिन्नता रची जा सकती है।

अब हम कुछ विभिन्न पोस्च्यर्स के स्केचेंस देखते हैं।































अभ्यास-

१— विभिन्न पोस्चरों की एक स्क्रैप बुक बनायें।

८.४ सारांश:-

पोस्चर से अभिप्राय मनुष्य के शरीर की विभिन्न पोजीशन से होता है।

८.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न—१ एक फिगर के सामने का भाग रेखांकित करें।

प्रश्न—२ एक फिगर के किनारे का भाग रेखांकित करें।

प्रश्न—३ एक फिगर के पीछे का भाग रेखांकित करें।

प्रश्न—४ एक फिगर का तीन चौथाई भाग रेखांकित करें।

प्रश्न—५ दिवाल के सहारे झुके हुए एक फिगर का रेखांकन करें।

८.६ स्वाध्ययन हेतु

१— एनसाइक्लोपीडिया ऑफ फैशन डिटेल, द्वारा पैट्रिक जॉन आयरलैंड, प्रकाशन बी०टी० बैट्सफोर्ड लि०, लन्दन।

२— कस्ट्यूम ड्रॉइंग, द्वारा हैजल आर० डोटेन एवं कन्सटैन्ट बाउलार्ड, प्रकाशन पिटमैन पब्लिकेशन कार्पोरेशन।

NOTES

DFD-07/[redacted]

उत्तर प्रदेश
राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

फैशन डिजाइनिंग

बेसिक डिजाइन और स्केचिंग-२

ब्लाक
८
डिजाइन की रचना

यूनिट-१३

कढ़ाई के लिए डिजाइन की रचना करना

यूनिट-१४

फ्री-हैन्ड पेन्टिंग, बाटिक इत्यादि के लिए डिजाइन की रचना करना

यूनिट-१५

स्टेन्सिल, वेजीटेबिल प्रिन्टिंग, स्क्रीन प्रिन्टिंग इत्यादि के लिए डिजाइन की रचना करना

यूनिट-१६

एक कहानी बोर्ड की रचना करना

ब्लाक-४

पाठ्यक्रम प्रतिरूपः-

यह यूनिट सरफेस एम्बिलिशमेन्ट का परिचय कराता है, जो एक सादे कपड़े का लुक बदल देता है। आपको उदाहरणतया यह भी सिखाया और दिखाया गया है कि विशेष तकनीकों के द्वारा डिजाइन की रचना कैसे किये जाते हैं।

यूनिट-१३

डिजाइन की रचना करनाः-

कढ़ाई वस्त्र की सजावट को बढ़ाने का एक तरीका है। कढ़ाई, आउटफिट वस्त्र की सजावट बढ़ाकर उसको काफी खूबसूरत बना देती है। इस यूनिट में कढ़ाई के लिए कुछ नमूने वस्त्र के विभिन्न भागों के लिए दिये गये हैं।

यूनिट-१४

फ्री-हैन्ड पेन्टिंग, बाटिक इत्यादि के लिए डिज़ाइन की रचना करनाः-

जो कपड़े आप बाजार से खरीदते हैं, फ्री–हैन्ड पेन्टिंग, बॉटिक आदि उसकी सुन्दरता बढ़ा देते हैं। ये कपड़े को विभिन्न तरीकों से रंगने की तकनीकें हैं।

यूनिट-१५

स्टेन्सिल, वेजीटेबिल, स्क्रीन प्रिन्टिंग इत्यादि के लिए डिजाइन की रचना करनाः-

स्टेन्सिल, वेजीटेबिल एवं स्क्रीन प्रिन्टिंग आदि क्राफ्ट तकनीकें हैं, जो वस्त्र के व्यक्तिगत प्रभाव को बदल देते हैं। ये डिजाइन की रचना करने में मदद करते हैं।

यूनिट-१६

एक कहानी बोर्ड की रचना करनाः-

विभिन्न प्रकार की वस्तुओं एवं डिजाइनों से प्रेरणा लेकर एक स्टोरी बोर्ड की रचना हमे अनेको विचार देते हैं। यह, रंगों या आकारों के द्वारा जो डिजाइन की रचना करने में सहायक होते हैं, से हो सकता है।

संरचना

१३.१ यूनिट प्रस्तावना

१३.२ उद्देश्य

१३.३ कढ़ाई के लिए डिजाइन की रचना करना

१३.४ सारॉश

१३.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

१३.६ स्वाध्ययन हेतु

१३.१ यूनिट प्रस्तावना:-

फैशन गारमेन्ट के लिए कढ़ाई एक प्रमुख तरीका है। इस यूनिट में बताया गया है कि कढ़ाई के डिजाइन किस तरह बनाये जाते हैं।

१३.२ उद्देश्य:-

एक फैशन डिजाइनर को कढ़ाई के लिए पैटर्न बनाने मे दक्ष होना अति महत्वपूर्ण है। उपलब्ध स्थान के अनुसार कढ़ाई के पैटर्न का प्लेसमेन्ट महत्वपूर्ण है।

१३.३ कढ़ाई के लिए डिजाइन की रचना करना:-

कढ़ाई पैटर्न की रचना, आप डी०एफ०डी–०६, ब्लॉक–४ में दिये गये स्टीचेस के बेसिक कढ़ाई के तरीको के अध्ययन द्वारा अपने ज्ञान को अधिक विस्तार दे पायेगें।

आगे दिये गये पृष्ठों में डिजाइन बनाने से सम्बन्धित बेसिक हैन्ड स्टीचेस जिसमे स्टेम स्टिच, साटिन स्टिच, लॉग और शार्ट, बटन होल, फ्रेन्च नॉट, स्ट्रेट स्टिच, चेन स्टिच, लेजी–डेज़ी, फिश बोन, स्पाइडर वेब स्टिच, डबल लेजी–डेजी, हेरिंगबोन, बुलियन स्टिच, रनिंग स्टिच, डबल क्रॉस स्टिच, फीदर स्टिच, चेन फिलिंग और रैनडम क्रॉस आदि के सुझाव दिये गये हैं।

यह डिजाइन दुपट्टे या साड़ी के लिए है। इसको बार्डर की तरह या बूटी को अल्टरनेट रखकर बना सकते हैं।





यह डिजाइन बार्डर के लिए है जो टॉप्स कुर्ते या साड़ी आदि की हेमलाइन पर बना सकते हैं।



साटिन स्टिच

यह डिजाइन बूटी के लिए है जो वस्त्र के सम्पूर्ण भाग पर रखकर एक बराबर की दूरी पर बनाये जा सकते हैं।





यह डिजाइन बूटी के हैं जो वस्त्र के सम्पूर्ण भाग पर बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।





दिये गये डिजाइन बूटीज और बॉर्डर के लिए हैं जो बराबर दूरी पर काढ़े जा सकते हैं।





यह डिजाइन बार्डर एवं बूटी के लिए हैं जो टॉप, कुर्ता और साड़ी की हेमलाइन पर काढ़े जा सकते हैं।





दिये गये डिजाइन छोटी बूटी के हैं। यह वस्त्र के सम्पूर्ण भाग पर, बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।







यह डिजाइन बच्चों के कपड़ों पर बनाने के लिए हैं। यह वस्त्र पर बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।



दिये गये डिजाइन बच्चों के कपड़ों के लिए हैं। ये बच्चों के कपड़ों पर बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।



यह डिजाइन फूल पत्ती की छोटी बूटी के लिए है। यह बच्चों के कपड़ों पर बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।





यह डिजाइन फ्लोरॉल डिजइन है जो वस्त्र के सम्पर्णू भाग पर बराबर दूरी पर बनाये जा सकते हैं।





दिये गये डिजाइन बूटी के हैं जो बार्डर पर एक के बाद एक बनाया जा सकता है।

स्ट्रेट स्टिच

चेन स्टिच

फ्रेन्च नॉट्स



बटनहोल स्टिच

साटिन स्टिच

लेजी डेजी

स्टेम स्टिच



साटिन स्टिच

चेफ़रान स्टिच

साटिन स्टिच

फिशबोन स्टिच

लॉंग एवं शार्ट विद लाइट कलर



लॉंग एवं शार्ट स्टिच विद डार्क कलर

साटिन स्टिच

दिये गये डिजाइन छोटी बूटीज के लिए हैं जो सम्पूर्ण वस्त्र पर पास--पास बनाने से भारी काम दिखाई देगा।



यह-डिजाइन हेरिंगबोन स्टिच के लिए दिये गये हैं।







यह डिजाइन लेडीज कुर्ते के लिए साटिन लॉग एवं शार्ट स्टिच के लिए है। इस कढ़ाई के कुते काफी बारी लुक वेगें।



वर्क दा व्होल डिजाइन इन लॉग एण्ड शार्ट स्टिच



वर्क दा व्होल डिजाइन इन साटिन स्टिच

वर्क दा व्होल डिजाइन इन स्टेम स्टिच

यह डिजाइन लेडीज कुर्ते के लिए भारी लुक के लिए साटिन लॉग एवं शार्ट स्टिच से बनेगें।



अभ्यास

१— मैगजीनों से कढ़ाई के डिजाइन बनायें।

१३.४ सारांशः-

अच्छे कढ़ाई के डिजाइन वस्त्रों को सुन्दर बनाने के तरीके हैं।

१३.५ स्वनिर्धार्य प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न—१ दुपट्टे के लिए कढ़ाई का डिजाइन बनायें।

प्रश्न—२ स्कर्ट की हेमलाइन बार्डर के लिए कढ़ाई का पैटर्न बनायें।

प्रश्न—३ वी—नेकलाइन की कढ़ाई के लिए पैटर्न बनायें।

प्रश्न—४ साड़ी ब्लाउज के लिए कढ़ाई का पैटर्न बनायें।

प्रश्न—५ आदमी के कुर्ते की नेकलाइन पर कढ़ाई के लिए पैटर्न बनायें।

१३.६ स्वाध्ययन हेतु

१— गुड हाउस कीपिंग, स्टेप टू स्टेप एनसाइक्लोपीडिया ऑफ नीडिल क्राफ्ट, द्वारा जुडिथ ब्रिटियन पब्लिकेशन इबुरे प्रेस।

संरचना

१४.१ यूनिट प्रस्तावना

१४.२ उद्देश्य

१४.३ फ्री–हैन्ड पेन्टिंग एवं बाटिक आदि के लिए डिजाइन की रचना करना।

१४.४ सारांश

१४.५ स्वनिर्धार्य प्रश्न/अभ्यास

१४.६ स्वाध्ययन हेतु

१४.१ यूनिट प्रस्तावना:-

इस यूनिट में बाटिक व फ्री–हैन्ड पेन्टिंग के डिजाइन कैसे बनाये जाते हैं, इसके ज्ञान से अवगत कराया गया है।

१४.२ उद्देश्य:-

ये दोनो माध्यम बहुत सरल एवं सहज हैं जिससे व्यक्तिगत डिजाइन बनाये जा सकते हैं। डिजाइन की रचना करना और माध्यमों का प्रयोग करना अति महत्वपूर्ण है।

१४.३ फ्री-हैन्ड पेन्टिंग और बाटिक इत्यादि के लिए डिजाइन की रचना करना:-

फ्री–हैन्ड पेन्टिंग बिना किसी डिजाइन को ट्रेस किये ही बनाये जाते हैं। ब्रश पर रंग लगाकर कपड़े पर डिजाइन ब्रश से ही बनाये जाते हैं इसलिए ब्रश स्ट्रोक अच्छे तथा मजबूती से दिये जाने चाहिए।

फ्री–हैन्ड डिजाइन बोल्ड होते हैं। जब रंग कपड़े पर लगाते हैं तो कपड़ा स्वयं रंग ले लेता है। उसी रंग को ब्रश से फैलाया जाता है। अनेकों रंगों के डिजाइन बना सकते हैं। हर पीस फ्री–हैन्ड पेन्टिंग का होना चाहिए। इसमें कोई काम करने का शीघ्र तरीका नही होता। हर पीस हाथ से पेन्ट किया होता है जो बिना किसी डिजाइन को ट्रेस किये ही बनाया जाता है। अतः हर डिजाइन में एक दूसरे से कुछ अन्तर रहता है।

हैन्ड पेन्टेड डिजाइन में कुछ विशेष साफ्टनेस होती है जो किसी अन्य प्रकार की प्रिन्टिंग में नही होती।

आइएँ, सर्वप्रथम कागज पर रंगों को फैलाकर शुरूआत करें। याद रखें की कागज रंग न सोखे क्योंकि प्रभाव विभिन्न होगें लेकिन कागज पर अभ्यास करना ही ठीक होगा।

बाटिक पुराने समय का रेसिस्ट डाइंग का तरीका है। इसका प्रयोग आज भी हो रहा है। जावा बाटिक आर्ट के लिए प्रसिद्ध है। यह अधिकतर सूती कपड़ों पर किया जाता है। कभी–कभी सिल्क कपड़े भी प्रयोग में लाये जाते हैं।



A sample of Batik done in two colours

बाटिक का नमूना दो रंगों में लिया गया है।

बाटिक के लिए कपड़ा तैयार किया जाता है। रिंच रंग साफ, मुलायम टेक्सचर का होता है। बाटिक के उत्पाद में सम्पूर्ण डिजाइन वस्त्र पर छापी गई है।



नमूना दो रंगों में बनाया गया है देखने में तीन रंगो का प्रभाव दिया गया है।

कपड़े का वह भाग जो बिना रंगें रहेगा उसे दोनो तरफ मोम पिघलाकर ब्रश से पतली परत चढ़ा देते हैं, तब उसे रंगा जाता है।



जावा के लोग बाटिक में हर रंगाई के बाद मोम हटाते हैं फिर दुबारा जिस भाग पर रंग नही चाहिए मोम लगाते हैं। यूरोप और अमेरिका में इसी विधि का प्रयोग किया जाता है।

एक रंग दूसरे पर रँगा गया है। मोम पीस के पूरा होने बाद ही हटाया जायेगा।



बाटिक में रंग प्रक्रिया हल्के रंग से गहरे रंग की ओर की जाती है। हल्का रंग पहले रंगा जायेगा फिर उससे गहरा। उदाहरण के लिए पहले पीला रंग, फिर नॉरंगी फिर लाल, उसके बाद काला या नीला।

वैक्सिंग करने में जो भाग सफेद रखना है उसे पहले मोम किया जायेगा फिर कपड़े को पीले रंग में रंगा जायेगा। फिर पीला भाग मोम किया जायेगा और उसे नारंगी रंग में रंगा जायेगा। फिर नॉरंगी भाग को वैक्स किया जायेगा, फिर कपड़े को लाल रंग में रंगेंगे। और अन्त में लाल रंग को वैक्स किया जायेगा। फिर काले रंग में रंगा जायेगा।



अन्तिम डिप के बाद वैक्स कपड़े को अखबार की तह के नीचे रखकर इस्त्री करके वैक्स निकाला जाता है। फिर खौलते पानी में डिप करके वैक्स निकाल दिया जाता है।



बाटिक आमतौर पर टेक्सटाइल कपड़ो में काम में लाया जाता है। यह हर प्रकार के कपड़े पर किया जा सकता है, जो रंगा जा सकता है। हाथ से रंगा यह कपड़ा सस्ता बनता है और इससे फर्निशिंग, डेकोरेशन, स्कार्फ या छोटी–छोटी चीजें बनाई जा सकती है।



कपड़े रंगने की दूसरी विधि टाई एवं डाई है। टाई एवं डाई कपड़े के बाँधने पर जो कपड़ा ढ़ीला रहता है वह रंग सोख लेता है, इस तरह कपड़े के फोल्ड्स में रंग चला जाता है।



फैब्रिक का कुछ हिस्सा बाँध दिया जाता है जिससे उस भाग पर रंग न चढ़े। जब फैब्रिक रंग दिया जाता है तब रंग बिना किसी खास डिजाइन के और बिना किसी निश्चित लाइन के रंग चढ़ जाता है। इससे फैब्रिक को आगे फिर, और रंग भी बाँधने के बाद चढ़ाया जा सकता है।



टाई एवं डाई कपड़े को रंगने का दूसरा तरीका है। इसमें गर्म डाईज का प्रयोग होता है। फैब्रिक को अलग–अलग तरीके से फोल्ड करके सूती धागे से बॉध दिया जाता है। तब इसे गर्म पानी में डाई करते हैं। कलर फास्टनेस के लिए गर्म पानी में नमक के साथ रंग मिलाया जाता है। कपड़े में चमक पाने के लिए विनेगर मिलाया जाता है। तब कपड़े को पहले ठंडे पानी में डिप किया जाता है और फिर इस खौलते पानी में डिप करते हैं। यह प्रक्रिया पॉच मिनट तक निरन्तर जारी रखते हैं। तब कपड़े को बाहर निकालते है और ठंडे पानी में तब तक रिंस करते है जब तक अतिरिक्त रंग बाहर नही निकल आता। इस प्रकार दूसरे रंग को करने के लिए टाई एवं डिप प्रक्रिया पुनः करते हैं।



टाई एवं डाई रंग प्रक्रिया में हल्के रंग से गहरे रंग की ओर की जाती है। **उदाहरणार्थ**– पहले हल्के रंग जैसे पीला, फिर नॉरंगी, फिर लाल तब काला।



अभ्यास-

१– बाजार से बाटिक, टाई एवं डाई तथा हैन्ड पेन्टिंग किये कपड़ों के नमूने एकत्रित करें। फिर उन संग्रहों के डिजाइन कापी पर बनायें।

१४.४ सारांशः- फ्री–हैन्ड पेन्टिंग बिना कपड़े पर ट्रेसिंग किये की जाती है। ब्रश पर रंग लगाकर सीधा कपड़े पर रंग लगाया जाता है। इसके डिजाइन बोल्ड होते हैं। अधिकतर रंग को कपड़े पर फैलाकर बनाया जाता है।

बाटिक बहुत प्राचीन रंगने की कला है जो आज भी काम लाई जाती है। इसका मैटेरियल काफी देखकर तैयार किया जाता है जिससे फैब्रिक चमक के साथ गहरा रंग ले तथा मुलायम रहे।

बाटिक मे कलर स्कीम हल्के रंग से गहरे रंग मे लगाये जाते हैं।

दूसरा तरीका रंगने का टाई एवं डाई है। इसमें गीला रंग फैब्रिक के फोल्ड्स के बीच मे चला जाता है। रंग कपड़े पर बँधे या फोल्ड के ढ़ीलेपन पर निर्भर करता है।

१४.५ स्वनिर्धार्य प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न–१ स्कर्ट के लिए फ्री–हैन्ड पेन्टिंग का डिजाइन बनायें।

प्रश्न–२ एक रंग के लिए बाटिक का डिजाइन बनायें।

प्रश्न–३ बाटिक के लिए दो रंग का डिजाइन बनायें।

प्रश्न–४ बाटिक का डिजाइन तीन रंग के लिए बनायें।

प्रश्न–५ दुपट्टे के लिए टाई एवं डाई का डिजाइन बनायें।

१४.६ स्वाध्ययन हेतु

१– ब्लॉक प्रिन्टिंग एवं डाइंग ऑफ बागरू राजस्थान, द्वारा बिज्वाय चन्द्र मोहन्ती और जगदीश प्रसाद मोहन्ती, प्रकाशन कैलिको म्यूजियम ऑफ टेक्सटाइल्स अहमदाबाद।

२– फैब्रिक आर्ट हेरिटेज ऑफ इन्डिया, द्वारा सुक्ला दास, प्रकाशन अभिनव पब्लिकेशन।

संरचना

१५.१ यूनिट प्रस्तावना

१५.२ उद्देश्य

१५.३ स्टेन्सिल, वेजीटेबल, स्क्रीन प्रिन्टिंग आदि के लिए डिजाइन की रचना करना

१५.४ सारॉश

१५.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

१५.६ स्वाध्ययन हेतु

१५.१ यूनिट प्रस्तावनाः-

इस यूनिट में आपको वेजीटेबिल प्रिन्टिंग, स्क्रीन प्रिन्टिंग, स्टेन्सिल आदि के डिजाइन बनाना बताया गया है।

१५.२ उद्देश्यः-

ये बहुत सरल तरीके हैं जिनसे व्यक्तिगत रूप से विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाये जा सकते हैं। डिजाइन की रचना एवं माध्यम का प्रयोग अति महत्वपूर्ण है।

१५.३ स्टेन्सिल, वेजीटेबिल, स्क्रीन प्रिन्टिंग आदि के लिए डिजाइन की रचना करना

स्टेन्सिल द्वारा पेपर को मोड़कर और मोड़ के किनारों की लाइन से सरल तरीकों से काटकर आप संतुलित डिजाइन की रचना कर सकते हैं।

स्टेन्सिल फ्लोराल डिजाइन पर भी काटे जा सकते हैं। डिजाइन किसी भी तरह का हो सकता है।

इसमें ध्यान रखने की बात केवल यह है कि डिजाइन में प्रत्येक आकार काफी करीब हो, और दो आकारों के बीच में एक सीमित दूरियॉ हों।

नीचे दिये गये कागज के कटे पैटर्न पेपर को इलस्ट्रेट कैसे करते हैं पर दिये

गये हैं। यह डॉटेड लाइन पर मोड़ा गया है। तब ये आकार फोल्डेड लाइन के साथ काटे गये हैं। गोलकार एक आफिस पंचिंग मशीन के द्वारा बनाये गये हैं। जब आप फोल्ड को खोलेंगे तो यह नीचे दिये गये डिजाइन की तरह दिखेगा।







नीचे दिये गये कटे पैटर्न पेपर को इलस्ट्रेट करता है और इसमें दिखाया गया है कि इन्हे डाइगोनली, डॉटेड लाइन के साथ कैसे मोड़ा गया है। तब इन कर्वड आकारो को डाइगोनल फोल्डेड लाइन के साथ काटा गया है। गोल आकार एक आफिस पंचिंग मशीन के द्वारा बनाया गया है। जब आप फोल्ड खोलेगें तो डिजाइन नीचे दिये गये नमूने की तरह दिखेगा।







नीचे दिये गये कटे पैटर्न पेपर को इलस्ट्रेट करता है और इसमें दो बार पेपर को डॉटेड लाइन के साथ मोड़ा गया है। तब ये आकार दोनो फोल्डेड लाइन के साथ काटे गये हैं और कुछ कट किनारो पर बने हैं। गोल आकार एक ऑफिस पंचिंग मशीन का प्रयोग करके बनाया गया है। जब आप फोल्ड को खोलेगें तो यह नीचे दिये गये डिजाइन की तरह दिखेगा।





नीचे दिया गया कटा पैटर्न पेपर को इलस्ट्रेट करता है और यह डॉटेड लाइन के साथ होरिजेन्टली मोड़ा गया है। तब इन आकारों को होरिजेन्टली फोल्ड के साथ काटा गया है। गोल आकार को एक आफिस पंचिंग मशीन के द्वारा बनाया गया है। जब आप फोल्ड को खोलेगें तो यह नीचे दिये गये डिजाइन की तरह दिखेगा।







हस्त ब्लॉक प्रिन्टिंग, डाइंग और पेन्टिंग, आकर्षक महंगे रंगो और पैटर्न से सेपरेटली या कम्बीनेट करके उत्पादन करने की भारत में प्राचीन कला है। यह कला भारत में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रोसीड्यूरल तकनीक द्वारा सामाग्रियो और यंत्रो से आकर्षक वस्त्रो के उत्पादन में बढ़ रही है।

टाई एवं डाई कपड़े पर ब्लॉक प्रिन्टिंग का एक उदाहरण



लकड़ियों के ब्लॉकों का प्रयोग करके कपड़े पर पैटर्न बनाना सबसे सरल तरीका है। ब्लॉक प्रिन्टिंग तकनीक चीनियों और भारतियों द्वारा लगभग दो हजार वर्ष पूर्व से जानी जाती है। यह मोटे लकड़ी के ब्लॉक से कार्विंग की जाती है इसलिए पैटर्न डिजाइन पर उभर कर आता है।

इस ब्लॉक को रंग लगाकर, कपड़े पर दाब देकर पैटर्न छापा जाता है। ब्लॉक प्रिन्टिंग मे बहुत बारीक डिजाइन बनाये जा सकते हैं जहाँ आकर्षक पैटर्न बनाने में इनका प्रयोग किया जाता है। आजकल ब्लॉक प्रिन्टिंग के स्थान पर मशीन प्रिन्टिंग की जाती है। पूरी दुनिया में इस तरह की छपाई की जाती है। यह रोलिंग प्रिन्टिंग के नाम से जानी जाती है।









कपड़े पर छपाई के लिए लकड़ी के ब्लॉक का प्रयोग सबसे आसान तरीका है। चीन तथा भारत में दो सौ वर्ष पूर्व से ही ब्लॉक प्रिन्टिंग के बारे में जाना जाता है। यह लकड़ी पर डिजाइन बनाकर उसके चारो ओर की लकड़ी को ही कर्व करके निकाल दिया जाता है। डिजाइन उभर कर आ जाता है। ब्लॉक को रंग में लगाकर कपड़े पर दबाव डालकर छापा जाता है। इस रंगीन पैटर्न कपड़े पर आ जाता है।

ब्लॉक प्रिन्टिंग से बहुत बारीक डिजाइन बनाये जा सकते हैं। जहाँ आकर्षक पैटर्न बनाना होता है वहाँ इसका प्रयोग करते हैं।

प्रयोग की जाने वाली वस्तुऐंः-

१- **कपड़ाः-**

जो कपड़ा प्रयोग मे आता है वह शुद्ध प्राकृतिक फाइबर होना चाहिए। कपड़ा चाहे सूती हो या सिल्क उसे पहले धोकर इस्त्री करना चाहिए। इससे छपाई एक बराबर आती है एवं रंग पक्के रहते हैं। छापने के बाद ४८ घन्टे कपड़े को छोड़ देना चाहिए। फिर उल्टी तरफ से गर्म प्रेस से इस्त्री करना चाहिए इससे रंग ठीक तरह पक्के हो जाते हैं।

२- **रंगः-**

एक्रामिन डाईज का प्रयोग होता है। यह जलीय होते हैं और प्रयोग करने के लिए सरल एवं दीर्घकालिक होते हैं। ये बाइन्डर के डाई रंग और एक्राफिक्स (डाई फिक्सर) मिलाकर बनाये जाते हैं। रंग मिलाने की मात्रा एवं विधि नीचे दी जा रही है।

छः बड़े चम्मच बाइन्डर+दो छोटे चम्मच एक्राफिक्स+आधा छोटा चम्मच डाई रंग

ऊपर दिये गये तरीके से अच्छी तरह मिलायें जिससे रंग ठीक से और बराबर मात्रा में मिल जाये। अतिरिक्त रंग को एक हवा रहित पात्र में रखे और सूर्य के प्रकाश से दूर रखें।

३- **स्पोन्जः-**

बराबर मात्रा में कलर उठाने के लिए स्पोन्ज का प्रयोग करते हैं। प्रयोग किये जाने वाला स्पोन्ज १ से०मी० की मोटाई का होना चाहिए। ब्लॉक से थोड़ा बड़ा टुकड़ा लेना चाहिए। इसे भिगाएँ और एक चौड़े प्लेट में रखे और तब इस पर रंग फैलायें।

४- **ब्लॉकः-**

ये लकड़ी पर कुरेदे गये डिजाइन के टुकड़े होते हैं जो कपड़े पर छपाई के लिए प्रयोग किये जाते हैं। ब्लॉक्स एक रंग के हो सकते हैं। दो रंग तथा तीन रंग के डिजाइन के लिए भी ब्लॉक्स बनाये जा सकते हैं। इनका प्रयोग एकल या कम्बीनेशन सेट्स के लिए भी किया जा सकता है।







स्क्रीन प्रिन्टिंग, स्टेन्सिल प्रिन्टिंग का एक उन्नत रूप है। साधरण स्टेन्सिल को लकड़ी के फ्रेम पर फास्टेन्ड करके नॉयलान फैब्रिक से बनाया जा सकता है। स्क्रीन इनामेल से कोटेड की जाती है जहाँ वे पैटर्न के अनुसार कई भागों में छाप दिये जाते हैं।

प्रत्येक रंग के लिए एक अलग स्क्रीन की जरूरत होती है। स्क्रीन को चीपली बनाया जाता है और अन्त मे कपड़े पर जहाँ आवश्यकता होती है, चलाया जाता है। कपड़े को एक खुले चौड़ाई के लम्बे फैब्रिक पर फ्लैट करके रखा जाता है। स्क्रीन को फैब्रिक पर छोड़ा जाता है और रंग को एक स्क्वीजी से दबाव डालकर पेस्ट किया जाता है। इस प्रक्रिया में स्क्रीन को उठाया जाता है और अगले स्थान के लिए जहाँ पैटर्न की जरूरत होती है छोड़ा जाता है।



जबकि दूसरा ऑपरेटिव पैटर्न के दूसरे रंगीन भाग के साथ कमेन्स्ड होता और पहले ऑपरेटिव का अनुसरण करता है। अनेको रंगो के अनुसार जो इस पर किया जायेगा, ऑपरेटिव का एक सफल अनुसरण एक दूसरे से तब तक होगा जब तक वस्त्र पूरी तरह पैटर्न से ढ़क नही जाता।

फैब्रिक रोलर प्रिन्टिंग की तरह स्टीम की जाती है। स्क्रीन प्रिन्टिंग के डिजाइन बहुत अच्छे लगते हैं। रोलर प्रिन्टिंग के मुकाबले बहुत अच्छे लगते हैं। स्क्रीन प्रिन्टिंग से १४ या १६ रंगों का डिजाइन भी तैयार किया जा सकता है।

इस प्रकार स्क्रीन प्रिन्टिंग बहुत ही अधिक लोकप्रिय हो गई है। इसकी खास बात है कि स्क्रीन प्रिन्टिंग पैटर्न सस्ते तथा जल्दी तैयार हो जाते हैं।



वेजीटेबिल प्रिन्टिंग ब्लॉक प्रिन्टिंग की तरह है। इसमें हम वेजीटेबिल से ब्लॉक तैयार कर सकते हैं। इस यूनिट में सब्जी से ब्लॉक कैसे तैयार किया जाता है, बताया गया है।

वेजीटेबिल से ब्लॉक बनाकर लकड़ी के ब्लॉक प्रिन्टिंग के लिए कैसे प्रयोग करते हैं यह कन्सेप्ट क्लीयर हो जायेगा।



जैसा कि नाम से पता चलता है वेजीटेबिल ब्लॉक सब्जी को काटकर बनाये जाते हैं जैसे आलू, प्याज, भिन्डी आदि। शिमला मिर्च से भी ब्लाक बनता है। वेजीटेबिल काटकर डिजाइन की ऊपरी सतह पर रंग लगाकर कपड़े पर छापा जा सकता है।



सब्जियों को काटना भी एक कला है। आपकी रचनात्मक क्षमता की जरूरत यहाँ होती है। भिन्डी, प्याज और शिमला मिर्च का अपना टेक्सचर होता है। आलू को आप जैसा आकार देना चाहें दे सकते हैं।

भिन्डी से छापना शुरू करते हैं। भिन्डी लें उसे क्षैतिज काटें। अब पोस्टर रंग लगाकर कागज पर उसे छाप दें। याद रखें जब कागज पर छापना हो तो पोस्टर कलर का प्रयोग करें और जब आप इनका इस्तेमाल कपड़े पर करें तो फैब्रिक कलर का प्रयोग करें। अब दिखाये गये तरीके से छाप बनायें।

अब एक शिमला मिर्च से छापें। एक शिमला मिर्च लें और उसे क्षैतिज काटें। पोस्टर कलर लगायें और उसके प्रभाव को एक कागज पर लें। दिखाये गये तरीके से उसका प्रभाव छापें।



अब सर्वप्रथम एक स्ट्रे बोर्ड बनायें। शीर्षक से मिलते–जुलते फोटोग्राफ और तस्वीरे लें और एक कोलाज बनायें। एक नमूना दिखाया गया है।

कोलाज पर तितलियाँ स्वतंत्र हैं......................

अब एक पतली स्ट्रिप काटे और इम्प्रेशन बनायें.........................

अब एक हीरे को काटें और उसका प्रभाव लें...........................

अब एक त्रिकोण काटें और उसका प्रभाव लें............................

अभ्यास

१—. वेजीटेबल, ब्लॉक और स्क्रीन प्रिन्ट के वस्त्रों को देखें। डिजाइन को कॉपी करें।

१५.४ सारांशः-

स्टेन्सिल द्वारा पेपर को मोड़कर और मोड़ के किनारों की लाइन से सरल तरीकों से काटकर आप संतुलित डिजाइन की रचना कर सकते हैं।

इसमें ध्यान रखने की बात केवल यह है कि डिजाइन में प्रत्येक आकार काफी करीब हो, एवं दो आकारों के बीच में एक सीमित दूरियॉ हों।

हस्त ब्लॉक प्रिन्टिंग, डाइंग और पेन्टिंग, आकर्षक महंगे रंगो और पैटर्न से सेपरेटली या कम्बीनेट करके उत्पादन करने की भारत में प्राचीन कला है। यह कला भारत में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रोसीड्यूरल तकनीक द्वारा सामाग्रियो और यंत्रो से आकर्षक वस्त्रो के उत्पादन में बढ़ रही है।

स्क्रीन प्रिन्टिंग, स्टेन्सिल प्रिन्टिंग का एक उन्नत रूप है। साधरण स्टेन्सिल को लकड़ी के फ्रेम पर फास्टेन्ड करके नॉयलान फैब्रिक से बनाया जा सकता है। स्क्रीन इनामेल से कोटेड की जाती है जहॉ वे पैटर्न के अनुसार कई भागों में छाप दिये जाते हैं। प्रत्येक रंग के लिए एक अलग स्क्रीन की जरूरत होती है।

वेजीटेबिल प्रिन्टिंग ब्लॉक प्रिन्टिंग की तरह है। इसमें हम वेजीटेबिल से ब्लॉक तैयार कर सकते हैं। वेजीटेबिल से ब्लॉक बनाकर लकड़ी के ब्लॉक प्रिन्टिंग के लिए कैसे प्रयोग करते हैं, यह कन्सेप्ट क्लीयर हो जायेगा।

१५.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न—१ एक स्टेन्सिल डिजाइन बनायें।

प्रश्न—२ स्क्रीन प्रिन्टिंग के लिए एकल रंग की डिजाइन बनायें।

प्रश्न—३ स्क्रीन प्रिन्टिंग के लिए दो रंग की डिजाइन बनायें।

प्रश्न—४ स्क्रीन प्रिन्टिंग के लिए चार रंग की डिजाइन बनायें।

प्रश्न—५ मेजपोश के लिए वेजीटेबल से एक डिजाइन बनायें।

१५.६ स्वाध्ययन हेतु

१— ब्लॉक प्रिन्टिंग एवं डाइंग ऑफ बागरू राजस्थान, द्वारा बिज्वाय चन्द्र मोहन्ती और जगदीश प्रसाद मोहन्ती, प्रकाशन कैलिको म्यूजियम ऑफ टेक्सटाइल्स अहमदाबाद।

२— फैब्रिक आर्ट हेरिटेज ऑफ इन्डिया, द्वारा सुक्ला दास, प्रकाशन अभिनव पब्लिकेशन।

संरचना

१६.१ यूनिट प्रस्तावना

१६.२ उद्देश्य

१६.३ स्टोरी बोर्ड बनाना

१६.४ सारॉंश

१६.५ स्वर्निधार्य प्रश्न/अभ्यास

१६.६ स्वाध्ययन हेतु

१६.१ यूनिट प्रस्तावनाः-

स्टोरी बोर्ड बनाना डिजाइनिंग ऐस्पेक्ट का एक भाग है। इस यूनिट में यह बताया गया है कि एक स्टोरी बोर्ड कैसे बनाया जायेगा। डिजाइनों से प्रेरणा लें और स्टोरी बोर्ड का प्रयोग करके वस्त्रों के लिए डिजाइन बनायें।

१६.२ उद्देश्यः-

डिजाइनिंग का यह तरीका नई डिजाइन की रचना को बढ़ाता है, क्योंकि इन्नोवेटिव डिजाइन एक निरन्तर डिजाइन प्रोसेस है जिसमें एक सोच दूसरी की ओर अग्रसर करती है, जिससे यूनिक डिजाइन की रचना के बेहतर परिणाम मिलते हैं।

१६.३ स्टोरी बोर्ड बनानाः-

इसे हम एक उदाहरण लेकर समझने का प्रयास करते हैं। अपनी डिजाइन की प्रेरणा के लिए एक स्लोगन या एक विचार या एक मुहावरे को लें। यह नीचे दिए गये प्ररूप की तरह कुछ भी हो सकता है।

स्वतंत्र तितलियाँ

अब हम एक प्याज से छपाई करते हैं। एक प्याज लें और इसे बेड़े रूप में काटें। अब टुकड़े पर पोस्टर कलर लगायें और कागज पर उसका प्रभाव लें। अब और प्याज आधा काटें और नीचे दिखाये गये तरीके से उसके प्रभाव को छापें।

अब एक आलू से छपाई करें। आलू को बेड़े रूप में काटें। अब उस पर पोस्टर कलर लगायें और पेपर पर उसका प्रभाव छापें। अब आलू को आधा काटें और नीचे दिखाये गये तरीके से उसके प्रभाव को छापें।



अब आलू छोटे टुकड़े में दिखाये गये तरीके से काटें और उसका प्रभाव छापें।

कोलाज़ को ध्यानपूर्वक देखकर इसके जो आकार आपको सबसे अच्छा लगे वह ले लें। एक साधारण ट्रेसिंग पेपर लें और उस रेखा को ट्रेस कर लें जिसका आपको अभ्यास करना है। याद रखे कि आप उसी लाइन का चुनाव करेगें जो आपकी रचनात्मक क्षमता के अनुसार हो। चुनाव और ट्रेस करने योग्य लाइनें नीचे उदाहरण के रूप मे दिखाई गई हैं।



आइयें डिजाइनिंग के लिए कुछ और अकारों का चुनाव करें।



डिजाइनिंग शुरू करने से पहले आपको निश्चित करना होगा की आप क्या डिजाइन करने जा रहे हैं। अब हम अपने मॉडेल को उसकी उम्र, फिगर, कार्य प्रणाली एवं रहन–सहन के तौर तरीके को दर्शाते हुए बनायें। आइये एक कोलाज बनाते हुए ऐसा करने की कोशिश करें।



अब अपने इस मॉडेल के लिए पूर्व में रची गई डिजाइन की लाइनों का प्रयोग करके वस्त्र के लिए डिजाइन करें। कोलाज की जीवनशैली एक लगभग २५ वर्ष की उम्र की काम करती लड़की को दर्शाता है, जो एक खेल खेलती है, अनेको स्थान का भ्रमण करती है और एक तीव्र जीवनशैली व्यतीत करती है। निश्चित रूप से ऐसी लड़की के लिए वार्डरोब काम पर जाने के लिए प्रयोगिक होनी चाहिए। आइये उसके प्रतिदिन पहनने के लिए कुछ ड्रेसेस डिजाइन करें। अब उसके लिए कुछ रफ स्केचेस हेतु लाइनों का प्रयोग करें।



उसके लिए कुछ स्पोर्टस् ड्रेसेस की डिजाइन करें।



उसके लिए कुछ इवनिंग वियर ड्रेसेस की डिजाइन करें।



जो डिजाइन आपने बनाये हैं उनमें अपने कोलाज से रंग भरें। कोलाज से कुछ रंग लेकर उन वस्त्रों में भरें जो आपने डिजाइन किये हैं।



अब कुछ और डिजाइन बनायें और उनमें रंग भरें।

अब कैजुवल वियर से जिसे आपने डिजाइन किया है, एक डिजाइन चुनें और डिजाइन को अन्तिम रूप दें। देखें सामने और पीछे का भाग कैसा दिखेगा।



अब स्पोर्टस् वियर से जिसे आपने डिजाइन किया है, एक **डिजाइन** चुनें और डिजाइन को अन्तिम रूप दें। देखे सामने और पीछे का भाग कैसा दिखेगा।



अब इवनिंग वियर से जिसे आपने डिजाइन किया है, एक डिजाइन चुनें और डिजाइन को अन्तिम रूप दें। देखें सामने और पीछे का भाग कैसा दिखेगा।

यदि इस पर अब कुछ परिवर्तन या ऐडीशन की जरूरत हो तो करें। आपकी विजुलाइजेशन अब पूर्ण होनी चाहिए।

अब एक डिजाइन के लिए, डिजाइन स्पेसीफिकेशन चार्ट बनायें। लेकिन याद रखें जब आप एक डिजाइन पोर्टफोलियो बनायें तो आपको एक–दूसरे के लिए इसी प्रकार डिजाइन करना होगा। स्पेसीफिकेशन चार्ट के लिए एक नमूना दिया गया है।

SPECIFICATION SHEET

STYLE SKETCH

ORDER NO:

DRESS-

MEASUREMENT CHART............................

FABRICATOR......................................

DESCRIPTION ....

LABEL ....

LINING..

BUTTON HOLES/ BUTTONS........................

ZIPPER/ELASTIC...................................

THREADS (THREE PLY)...........................

STITCHING DETAIL ....

OVERLOCKING DETAIL..............................

SPECIAL INSTRUCTION ....

MEASUREMENT CMS/CHES	SIZE SPECIFICATION						
FULL LENGTH							
BODICE LENGTH							
CHEST							
CROSS BACK							
LOWER HEM							
WAIST							
SLEEVE LENGTH							
SLEEVE HEM							
COLLAR LENGTH x WIDTH							
COLLAR POINT							
BAND							
BAND WIDTH							
POCKET							
NECK							
OPEN NECK							
BACK NECK							
FRONT PLACET							
ARMHOLE							
CUFF LENGTH x WIDTH							
HEM							
SKIRT LENGTH							
SIDE OPENING							
BELT WIDTH							
BELT TO POCKET							
POCKET WIDTH							

SIGNATURE OF THE FABRICATOR

SIGNATURE OF ISSUING AUTHORITY

DATE

एक ड्रेस का ड्राफ्ट बनाते हैं।



आइये एक ड्रेस का पैटर्न ले–ᴈ आवश्यक सामग्रियों की गणना करते हैं।

दिखाई गई सभी शीटें आपकी पूर्ण पोर्टफोलियों डिजाइन से अधिक विस्तारित होगीं।



१७० से०मी० वस्त्र की जरूरत टॉप और स्कर्ट दोनो के लिए आवश्यक है।

१६.४ सारांश:-

स्टोरी बोर्ड बनाना डिजाइनिंग ऐस्पेक्ट का एक भाग है। डिजाइनिंग का यह तरीका नई डिजाइन की रचना को बढ़ाता है। एक शीर्षक लेकर इससे सम्बन्धित कोलाज बनायें। आकार चुनें और कोलाज शीट से विचार लें और डिजाइनिंग आउटफिट शुरू करें। इनिसियल डिजाइनिंग के बाद, अपने कार्य को निर्धारित करें एवं डिजाइनिंग शीट को स्पेसीफिकेशन शीट बनाये और पैटर्न ले–आउट बनायें। सम्पूर्ण काम पोर्टफोलियों का भाग होगा।

अभ्यास

१– मैगजीनों का निरीक्षण करके वस्त्र के लिए डिजाइन देखें। थीम को पहचानने का प्रयास करें जिनसे ये डिजाइन बनें हैं।

१६.५ स्वनिर्धार्य प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न–१ नीचे दिये गये थीम से एक स्टोरी बोर्ड बनायें।

पंखो के समूह के संग पक्षी

१६.६ स्वाध्ययन हेतु

१– कॉस्ट्यूम्स १०६६–१६६०, द्वारा जॉन पीकॉक, प्रकाशन थेम्स एवं हडसन।

NOTES